Title: Need to set up Telephone Exchanges in Muzaffarpur and Vaishali Districts of Bihar.

14.44 hrs.

डा.रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति जी, बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर और वैशाली जिलों के साहिबगंज, देवरिया और लालगंज में दूरभाष पर घंटों बैठने के बाद भी बातें नहीं हो पातीं। पारू, मरवन, बखड़ा, बड़ा दाऊद और समरसपुर में टॅलीफोन कनॅक्शन लेने के लिए प्रत्येक में १०-१० स्थानीय आवेदकों ने आवेदन किया है लेकिन इन स्थानों पर टॅलीफोन एक्सचेंज बैठाने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है।

अतः मैं मांग करता हूं कि साहिबगंज, देवरिया और लालगंज में टावर बैठाने एवं टेलीफोन कनेक्शन लेने के लिए १० आवेदकों वाले स्थान पर अतिशीघ्र टेलीफोन एक्सचेंज बैठाए जाएं जिससे कि इन दोनों जिलों के टेलीफोन कनेक्शन मांगने वाले आवेदकों को शीघ्र टेलीफोन कनेक्शन दिये जा सकें और दूरभाष पर तुरंत बातचीत करने की सुविधा हो सके।